यूपी में हाईटेक ड्रोन निर्माण का रास्ता साफ, अनुबंध फाइनल

अत्याधुनिक ड्रोन निर्माण के लिए अनुबंध का हस्तांतरण करते यूपीडा और यूएएस टेस्टिंग फाउंडेशन के अधिकारी। -यूपीडा

लखनऊ। उप्र. डिफेंस कॉरिडोर में दुनिया के सबसे अत्याधुनिक ड्रोन निर्माण का रास्ता साफ हो गया। बृहस्पतिवार को यूपीडा (यूपी एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीहरि प्रताप शाही और ड्रोन के लिए गठित यूएएस (अनमैंड एरियल सिस्टम) टेस्टिंग फाउंडेशन के निदेशक अजय कुमार श्रीवास्तव ने अनुबंध का हस्तांतरण किया।

अनुबंध के अनुसार डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम को समय पर पूरा करने और संचालन के लिए यूपीडा को कार्यान्वयन प्राधिकरण के रूप में नामित किया गया है। शाही और अजय ने बताया कि ड्रोन व मानवरहित विमान की परीक्षण सुविधा से देश का रक्षा सिस्टम मजबूत होगा इसमें यूपी की अहम भूमिका होगी। इससे प्रदेश में ड्रोन निर्माण में एमएसएमई और स्टार्टअप की संख्या तेजी से बढ़ेगी। ब्यूरो